मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया 5308 योजनाओं का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

12 दिसंबर, 2023 को दुमका सदर प्रखंड के हेठ कोरैया पंचायत के बड़ा ढाका में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 835 करोड़ रुपए की लागत वाली 5308 योजनाओं का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 199.38 लाख रुपए की 50 योजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य में 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक तीसरे चरण का 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम चल रहा है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वजन पेंशन, गुरु जी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फूले योजना सहित कई महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये राज्य में 5000 उत्कृष्ट विद्यालयों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रदेश में 80 उत्कृष्ट विद्यालय संचालित है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि दुमका में 650 करोड़ रुपए की लागत से 800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, जबकि पथ निर्माण विभाग के माध्यम से 1000 करोड़ रुपए की लागत से 650 किलोमीटर सड़क बनेगी।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के गरीबों के लिये 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड बनाया गया है। अब इन कार्डधारियों को एक किलो दाल भी मुहैया कराया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-hemant-soren-laid-the-foundation-stone-of-5308-schemes